समापन भाषण

माननीय सदस्यगण,

षोड्श बिहार विधान सभा का तृतीय सत्र दिनांक 29 जुलाई, 2016 से प्रारम्भ होकर आज दिनांक 16 अगस्त, 2016 को समाप्त हो रहा है । इस सत्र में कुल-06 (छः) बैठकें हुई ।

आज दिनांक 16 अगस्त, 2016 को प्रभारी मंत्री, वाणिज्य-कर विभाग द्वारा संसद के दोनों सदनों द्वारा यथापारित संविधान (एक सौ बाईसवां संशोधन) विधेयक, 2014 के अनुसमर्थन संबंधी संकल्प सदन में प्रस्तुत किया गया जो विचार-विमर्श के उपरान्त सदन द्वारा स्वीकृत हुआ तथा बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2016 भी सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित तथा महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत-05 (पाँच) विधेयकों का एक विवरण सभा सचिव द्वारा सभा पटल पर रखा गया ।

आज की कार्यवाही को पटना दूरदर्शन द्वारा सीधा प्रसारण किया गया । इससे जुड़े कर्मचारी एवं पदाधिकारीगण धन्यवाद के पात्र हैं ।

सत्र के संचालन में भरपूर तथा सौहार्दपूर्ण सहयोग के लिए सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सभी माननीय सदस्यों का मैं आभारी हूँ ।

पत्र प्रतिनिधियों, समाचार एजेंसी, प्रेस मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, आकाशवाणी तथा दूरदर्शन ने जनमानस के बीच सदन की कार्यवाही को ले जाने का कार्य करते हैं, उन्हें साधुवाद देता हूँ ।

सभा के कार्य संचालन में सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा बिहार सरकार के पदाधिकारियों/कर्मचारियों सहित आरक्षी बल के जवानों ने तत्परता, लगन और निष्ठा से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन कुशलतापूर्वक किया, इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं ।

इससे पहले कि सदन स्थगित हो मुझे सदन को एक दुःखद सूचना देनी है ।